

## महमुदुल्लाह की कप्तानी में धोनी की झलकः इरफान पठान

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि बांग्लादेश के कप्तान महमुदुल्लाह की कप्तानी में उन्हें महेंद्र सिंह धोनी की झलक देखने को मिलती है। बांग्लादेश ने महमुदुल्लाह की कप्तानी में टी–20 में पहली बार भारत को हराया है।

पठान ने कहा, 'जब आप दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मैच जीतते हैं तो इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। महमुदुल्लाह ने एक कप्तान के अच्छे गुणों को दिखाया, जिसमें मैच के दौरान किए गए कुछ बदलाव भी शामिल थे।'

उन्होंने कहा, 'उनकी कप्तानी में महेंद्र सिंह धोनी की झलक थी, क्योंकि महमुदुल्लाह ने पॉवर प्ले के बाद पार्ट टाइम गेंदबाजों का भी इस्तेमाल किया, जोकि एक रणनीति है और धोनी भी अकसर ऐसा ही करते थे।' बांग्लादेश ने सीरीज के पहले मैच में एकतरफा अंदाज में भारत को सात विकेट से हराकर सीरीज में 1–0 की बढ़त ले ली थी। लेकिन भारत ने दूसरे मैच में शानदार पलटवार करते हुए राजकोट में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर सीरीज में 1–1 से बराबरी हासिल कर ली। भारतीय टीम रविवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी।

# नागपुर में फाइनल फाइट, कौन किस पर पड़ सकता है भारी

**क्रिकेट**

## भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरा टी–20 इंटरनैशनल मैच नागपुर में आज

भारतीय टीम में बदलाव देखने को मिल सकता है, खासतौर पर गेंदबाजी में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**







नागपुर। बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां खेले जाने वाले तीसरे और आखिरी टी20 मैच में भारतीय टीम की नजरें इस साल घरेलू सरजमीं पर सबसे छोटे प्रारूप की पहली सीरीज जीतने पर होगी। कप्तान विराट कोहली सहित कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम सीरीज अपने नाम करने के साथ अगले साल खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के लिए कोर खिलाड़ियों की पहचान करना चाहेगी। सीरीज के पहले दो मैचों में हालांकि इस मामले में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की टीम में सफल वापसी के अलावा ज्यादा फायदा नहीं हुआ। चहल ने एक बार फिर साबित किया कि वह बीच के ओवरों में उनके पास विकेट निकालने की क्षमता है। राजकोट में खेले गए दूसरे टी20 में चहल की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को छह विकेट पर 153 रन पर रोक दिया। फिर रही सही कसर कप्तान रोहित शर्मा ने 85 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर पूरी कर दी।

**टीम में होगा बदलाव?:** चाइनामैच गेंदबाज कुलदीप यादव की जगह टीम में चुने गए वॉशिंगटन सुंदर काफी किफायती रहे, लेकिन विकेट चटकाने के मामले में चहल से पीछे छूट गए। तेज गेंदबाज खलील अहमद ने दोनों मैचों में रन लुटाए, जिससे इस मैच शार्दुल ठाकुर को अंतिम 11 में जगह मिल सकती है जो दीपक चाहर के साथ नई गेंद साझा कर सकते हैं। रोहित ने पहले दोनों टी20 मैचों की टीम में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे मनीष पांडे, संजू सैमसन और राहुल चाहर जैसे खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में ही बैठे रहे। नागपुर में अगर उन्हें मौका नहीं मिला तो उन्हें खुद को साबित करने के लिए वेस्ट इंडीज के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज का इंतजार करना होगा।

**अय्यर ने खुद को साबित किया, राहुल का संघर्षः** टीम में जब सीनियर खिलाड़ियों की वापसी होगी तब भी भारत को टीम संयोजन बनाने के लिए काफी मसक्कत करनी होगी खासकर बल्लेबाजी विभाग में जहां टीम के पास ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की तरह बड़े शॉट खेलने वाली खिलाड़ियों की कमी है। श्रेयस अय्यर ने कम समय में खुद को साबित किया है, जबकि लोकेश राहुल अभी तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। नए हरफनमौला शिवम दुबे को भी अपनी प्रतिभा से न्याय करना होगा। भारतीय टीम में नए खिलाड़ियों के साथ अनुभवी शिखर धवन और युवा विकेटकीपर ऋषभ पंत भी टीम में जगह बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे है।

# पंत को छोड़ दीजिए, मैदान पर जो करना चाहता है करने दीजिएः रोहित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नागपुर। कार्यवाहक कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को आलोचनाओं से घिरे ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए आलोचकों से कहा कि उसे छोड़ दें क्योंकि वह सिर्फ टीम प्रबंधन की रणनीति पर अमल की कोशिश कर रहा है। कई मौकों पर पंत के शॉट सिलेक्शन की काफी आलोचना हुई है और राजकोट में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में उनकी खराब विकेटकीपिंग की भी आलोचना हुई।

कप्तान रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ यहां टी20 सीरीज के निर्णायक मैच से पूर्व कहा, 'हर दिन, हर मिनट ऋषभ पंत के बारे में काफी चर्चा चल रही है। मुझे यही लगता है कि उसे वही करने देना चाहिए जो वह मैदान पर करना चाहता है। मैं हर किसी से अनुरोध करूंगा कि कुछ समय के लिए ऋषभ पंत से निगाहें हटा लीजिए।' उन्होंने कहा, 'वह निर्भीक क्रिकेटर हैं और हम (टीम प्रबंधन) उन्हें वही आजादी देना चाहते हैं। और अगर आप कुछ समय के लिए अपनी निगाहें उससे दूर रखोगे तो इससे वह बेहतर प्रदर्शन कर पाएगा।'

रोहित दिल्ली के इस युवा खिलाड़ी की लगातार आलोचना से खुश नहीं हैं। उन्होंने इस पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा, 'वह 22 साल का युवा है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद का मुकाम हासिल करने की कोशिश कर रहा है। वह मैदान पर कुछ भी करता है लोग उसके बारे में बात करना शुरू कर देते हैं। यह ठीक नहीं है। मुझे लगता है कि हमें उसे उसका क्रिकेट खेलने देना चाहिए जो वास्तव में वह करना चाहता है।'

## आईपीएल–2020 में शामिल हो सकते हैं 3 नए शहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नई टीमों को जुड़ने के बारे में विचार हो सकता है 2021 सीजन तक का इंतजार करना पड़ा, लेकिन 2020 सीजन में आईपीएल में तीन नए शहर मैच स्थल के रूप में शामिल किए जा सकते हैं। आठ फ्रेंचाइजियों के मालिकों ने मंगलवार को बीसीसीआई मुख्यालय में बोर्ड के नए पदाधिकारियों से मुलाकात की और जो तीन शहर मैच स्थल के रूप में इसमें शामिल हो सकते हैं उनमें लखनऊ, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के नाम शामिल हैं।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि किंग्स इलेवन पंजाब लखनऊ को अपना दूसरा घर बना सकती है तो वहीं राजस्थान अहमदाबाद से गुवाहाटी जाना चाहती है। तिरुवनंतपुरम किसके हिस्से आएगा इस बात पर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। अधिकारी ने कहा, 'राजस्थान ने दूसरे गृहनगर के रूप में स्थान में बदलाव की मांग की है और वह अहमदाबाद से गुवाहाटी जाना चाहती है। जीसी (गवर्निंग काउंसिल) इस फैसले से सहमत है, अब आईएमजी गुवाहाटी के बारसापरा क्रिकेट स्टेडियम को हरी झंडी दिखाने से पहले उसकी जांच करेगी।'

## न्यूज डायरी





### टी–20 में पूर्व पॉर्न स्टार ने निभाई चौथे अंपायर की भूमिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड (न्यू जीलैंड)। इंग्लैंड और न्यू जीलैंड के बीच पांच नवंबर को खेले गए तीसरे टी–20 मैच में गार्थ स्टीराट अंपायरों की टीम का हिस्सा थे। मैच में चौथे अंपायर की भूमिका निभाने वाले 51 वर्षिय स्टीराट पूर्व में पॉर्न स्टार रह चुके हैं। ब्रिटिश टैबलॉयड द सन के मुताबिक, स्टीराट एक मैग्जीन के लिए काम कर चुके हैं। खबर के मुताबिक उन्होंने पॉर्न स्टार के तौर पर स्टीव पारनेल नाम से काम किया था। न्यू जीलैंड के खिलाड़ी स्टीराट के बारे में जानते हैं और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाड़ियों को इस बात की जानकारी दी। स्टीराट न्यू जीलैंड पेशेवर गोल्फर्स संघ के मुख्य कार्यकारी भी रह चुके हैं। 10 साल पहले जब उनकी गुप्त पहचान का खुलासा हुआ तो उन्हें पद से हटा दिया गया था।

### कप्तान मनप्रीत को 2023 विश्व कप में अधूरा काम पूरा करने की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नयी दिल्ली। भारतीय हाकी कप्तान मनप्रीत सिंह ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम 2023 विश्व कप में पोडियम स्थान हासिल कर अधूरा काम पूरा करने की कोशिश करेगी क्योंकि वह घरेलू मैदान में पिछले चरण में ऐसा करने में विफल रही थी। भारत लगातार दूसरी बार पुरूष हाकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। भुवनेश्वर ने 2018 में पिछले चरण में प्रतियोगिता का आयोजन किया था। भारत इस तरह चार पुरूष विश्व कप आयोजित करने वाला पहला देश बन गया है जिसने मुंबई में 1982 में और 2010 में नयी दिल्ली में इसकी मेजबानी की थी। मनप्रीत ने कहा, ''हम यह जानकर काफी उत्साहित हैं कि भारत ने फिर 2023 में एफआईएच पुरूष विश्व कप की मेजबानी का अधिकार हासिल किया। हम 2018 में सफल नहीं हो सके, हालांकि हमारे पास 2018 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने का बढ़िया मौका था।

### तेजस्विनी ने भारत को 12वां ओलंपिक कोटा दिलाया, पदक से चूकीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। अनुभवी निशानेबाज तेजस्विनी सावंत ने भारत को निशानेबाजी में 12वां ओलंपिक कोटा दिलाया लेकिन वह शनिवार को यहां 14वीं एशियाई चौम्पियनशिप की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पदक हासिल करने से चूक गयीं। पूर्व विश्व चौम्पियन तेजस्विनी ने 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशन के फाइनल में पहुंचकर अगले साल के ओलंपिक खेलों का कोटा हासिल किया। आठ फाइनलिस्ट में से पांच पहले ही तोक्यो का टिकट कटवा चुकी थीं जिससे भारत ने तीन उपलब्ध कोटों में से एक अपने नाम किया। तेजस्विनी (39 वर्षीय) क्वालीफिकेशन में 1171 अंक के स्कोर से पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचीं। फाइनल में हालांकि उन्होंने पूरी कोशिश की लेकिन उन्हें 435.8 अंक के स्कोर से चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। दूसरी सीरीज में वह तीसरे स्थान पर चल रही थी लेकिन 8.8 के निशाने से वह पिछड़ गयीं।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी चीन ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फुझोउ। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को शनिवार को यहां चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की तीन बार की चौम्पियन जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी की हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। सात्विक एवं चिराग की जोड़ी को शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर एक इंडोनेशियाई जोड़ी से 16–21 20–22 से हार मिली। विश्व रैंकिंग में नौवें पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी की मार्कस एवं केविन की जोड़ी के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार है जिसमें पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में मिली शिकस्त भी शामिल है। टूर्नामेंट में भारत के अन्य खिलाड़ी पहले ही बाहर हो गये थे।